आईआईएम रांची में मैनेजमेंट केस स्टडीज पर समिट 12-13 जून को

सिटी रिपोर्टर| आईआईएम, रांची में 12-13 जून को मैनेजमेंट केस स्टडीज पर इंटरनेशनल समिट होगा। इसका आयोजन आईआईएम, रांची के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर ऑफ लीडरशीप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस की ओर से किया जा रहा है। इसमें स्वदेशी तकनीक यानी जुगाड़ टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट सिस्टम पर चर्चा की जाएगी। यह सिस्टम मौजूदा समस्या को प्रभावी ढंग से सुलझा सकता है। इसका उद्देश्य ऐसे योगदानों को पहचानना है, जिन्होंने कोविड के दौरान आई कठिनाइयों को दूर करने में मदद की। रजिस्ट्रेशन समेत अन्य जानकारी के लिए https://app.iimranchi.ac.in/ismc/index.html पर विजिट करें।

Dainik Bhaskar, 13.02.2021, Pg. 04